# अटल बिहारी वाजपेयी हिंदी विश्वविद्यालय, भोपाल (म0प्र0)

## एक वर्षीय एलएल0एम0 उपाधि पाठ्यक्रम
## प्रवेश संबंधी प्रस्तावित जानकारी
## सत्र 2019–20

**(1) प्रस्तावना :–**

विश्वविद्यालय के परास्नातक विधि अध्ययन केंद्र द्वारा एक वर्षीय एलएल.एम. उपाधि पाठ्यक्रम संचालित किया जा रहा है। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के दिशा–निर्देशों (पत्र क्रमांक डी ओ क्र0 5–1/99 (सीपीपी–II) दिनांक 18 जनवरी, 2013) के अधीन यह पाठ्यक्रम सांविधानिक विधि तथा आपराधिक विधि विषय समूह में प्रारंभ किया गया है।

**(2) नियम एवं विनियम :–**

यह पाठ्यक्रम अटल बिहारी वाजपेयी हिंदी विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित सेमेस्टर एवं क्रेडिट व्यवस्था पर आधारित होगा जिसमें विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के दिशा–निर्देशों के अनुसार नियमों में आवश्यकतानुसार परिवर्तन किये जा सकेंगे। विश्वविद्यालय द्वारा पाठ्यक्रम संचालन के यथारूप नियम विनियम बनाये जा सकेगें जिनका पालन अनिवार्य होगा।

**(3) प्रवेश :–**

(अ) प्रवेश योग्यता – किसी भी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से विधि स्नातक (3 वर्षीय/5 वर्षीय) उपाधि उत्तीर्ण।

(ब) कुल स्थान एवं प्रवेश परीक्षा – दोनों पाठ्यक्रमों में 60 स्थान होंगे तथा पाठ्यक्रम में प्रवेश का आधार प्रवेश परीक्षा होगी। प्रवेश परीक्षा अध्यापन, शोध, आधारभूत विधि का ज्ञान, हिंदी भाषा का ज्ञान एवं विधिक तार्किकता पर वस्तुनिष्ठ प्रश्न आधारित होगी। प्रवेश परीक्षा 100 अंकों की होगी जिसमें 70 प्रतिशत अधिभार वस्तुनिष्ठ प्रश्नों का होगा तथा 30 प्रतिशत अधिभार साक्षात्कार (कार्यानुभव, विधिक प्रकाशन एवं अध्ययन उद्देश्य) आधारित होगा। प्रवेश परीक्षा के प्रश्न पत्र के मूल्यांकन में किसी प्रकार के ऋणात्मक अंक का कोई प्रावधान नहीं होगा।

(स) परीक्षार्थियों को लिखित एवं मौखिक परीक्षा में संयुक्त रूप से 40 अंक प्राप्त करना अनिवार्य होगा। प्रवेश परीक्षा में प्राप्तांकों के गुणानुक्रम के आधार पर प्रवेश दिया जा सकेगा।

**(4) आरक्षण :–**

प्रवेश परीक्षा में उत्तीर्ण विद्यार्थियों को मध्यप्रदेश शासन के आरक्षण नियमों के अनुसार आरक्षण उपलब्ध रहेगा।



Scanned by CamScanner

**(5) पाठ्यक्रम का प्रारूप तथा अवधि :–**

यह पाठ्यक्रम पूर्णकालीन एक वर्षीय 24 क्रेडिट (यूजीसी के पत्र क्रमांक डी ओ क्र0 5–1/99 (सीपीपी–III)) दिनांक 18 जनवरी, 2013 के अनुरूप होगा जो 2 सेमेस्टर में विभाजित किया जायेगा। पाठ्यक्रम के प्रत्येक सेमेस्टर में लगभग 90 दिवसों का अध्यापन होगा जिसमें कक्षा अध्यापन, पुस्तकालय अध्ययन कार्य, संगोष्ठी तथा शोध कार्य होगा। विद्यार्थियों की 75% उपस्थिति अनिवार्य हैं।

**(6) पाठ्यक्रम की संरचना :–**

पाठ्यक्रम की संरचना निम्नानुसार है

## प्रथम सेमेस्टर

### अनिवार्य प्रश्नपत्र

1. शोध पद्धति एवं विधिक लेखन
2. तुलनात्मक संविधानिक विधि एवं शासन प्रणाली
3. वैश्वीकृत विश्व में विधि तथा न्याय

### वैकल्पिक प्रश्नपत्र

**प्रथम वर्ग – (सांविधानिक विधि)**

1. प्रशासनिक विधि
2. मानव अधिकार एवं मानवीय विधि

**द्वितीय वर्ग – (आपराधिक विधि)**

1. अपराध शास्त्र एवं अपराधिक न्याय प्रशासन
2. उत्पीड़न शास्त्र

## द्वितीय सेमेस्टर

**प्रथम वर्ग – (सांविधानिक विधि)**

1. न्यायिक प्रक्रिया
2. मूल अधिकार एवं नीति निर्देशक तत्व
3. मीडिया एवं कानून
4. पर्यावरण विधि एवं त्रासदी प्रबंधन
5. लघुशोध प्रबंध



Scanned by CamScanner

2

**द्वितीय वर्ग – (आपराधिक विधि)**

1. महिलाओं के अधिकार एवं संरक्षण
2. किशोर अपचारिता
3. विशेषाधिकार प्राप्त वर्ग विचलन
4. तुलनात्मक आपराधिक विधि
5. लघुशोध प्रबंध

**(7) प्रवेश परीक्षा शुल्क :–**

विद्यार्थी को निर्धारित तिथि तक 1500/– प्रवेश परीक्षा शुल्क जमा कराना होगा। परीक्षा शुल्क वापसी योग्य नहीं है।

**(8) प्रवेश :–**

प्रवेश परीक्षा में उत्तीर्ण विद्यार्थी विश्वविद्यालय के प्रवेश आवेदन पत्र के साथ निम्नलिखित अभिलेखों की सत्यापित प्रतिलिपि प्रस्तुत करेंगे।

(I) जन्मतिथि का प्रमाण–कक्षा 10 की अंकसूची /12 की अंकसूची

(II) विधि स्नातक की समस्त अंक तालिकाएं अंतिम सत्र/वर्ष की अंकसूची अनिवार्य है

(III) आरक्षण के लिए जाति प्रमाण पत्र

(IV) नियमित अध्ययन की अंतिम संस्था से स्थानांतरण प्रमाण पत्र

(V) विश्वविद्यालय से आव्रजन प्रमाण पत्र

**(9) साक्षात्कार :–**

प्रवेश परीक्षा में उत्तीर्ण होने के बाद सभी विद्यार्थियों का साक्षात्कार आयोजित होगा। साक्षात्कार के समय विद्यार्थियों को मूल प्रमाण पत्रों से छाया प्रतियों का सत्यापन/जांच करानी होगी। प्रवेश परीक्षा एवं साक्षात्कार के अंकों के आधार पर अन्तिम योग्यता सूची प्रकाशित की जायेगी जिसके आधार पर आरक्षण का लाभ देते हुए प्रवेश दिया जाएगा।

**(10) शिक्षण शुल्क व अन्य शुल्कः–**

शिक्षण शुल्क – प्रथम सेमेस्टर 35100/– रूपये व द्वितीय सेमेस्टर 30150/–रूपये होगा तथा इसके अतिरिक्त अन्य शुल्क विश्वविद्यालय के स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम के अनुसार होंगे।



Scanned by CamScanner

4) प्रवेश परीक्षा हेतु पाठ्यक्रमः–

1. संवैधानिक विधि
   मौलिक अधिकार और मौलिक कर्तव्य

2. प्रशासनिक विधि
   प्राकृतिक न्याय के सिद्धांत
   प्रत्यायोजित विधान
   न्यायिक समीक्षा

3. मानवाधिकार
   मानवाधिकार का वैचारिक परिप्रेक्ष्य
   मानवाधिकार का अंतर्राष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य
   मानवाधिकार का राष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य

4. आपराधिक विधियाँ
   भारतीय दण्ड संहिता
   दण्ड प्रक्रिया संहिता
   साक्ष्य विधियाँ
   विशेष आपराधिक विधियाँ

5. संविदा कानून
   अनुबंध का गठन
   वैद्य संविदा के आवश्यक तत्व
   अनुबंध की निष्पादनता

6. सामान्य हिंदी
   अंग्रेजी अनुभाग के आधार पर हिंदी में छात्रों की प्रवीणता की जांच, व्याकरण, विधिक भाषा शब्दावली।

7. समसामयिक विधिक मुद्दे

इस प्रश्न पत्र में 70 प्रश्न वस्तुनिष्ठ प्रकार के होंगे। किसी प्रकार के ऋणात्मक अंक का प्रावधान नहीं है।



Scanned by CamScanner

(4)

**(12) एलएल.एम. प्रवेश परीक्षा सत्र 2019–20 हेतु प्रस्तावित समय सारिणी :–**

| क्र. | कार्यक्रम | दिनांक |
|---|---|---|
| 1. | ऑनलाइन पंजीयन | 15 मई 2019 से 29 जुलाई 2019 |
| 2. | प्रवेश परीक्षा फार्म एवं शुल्क जमा करने की तिथि | 30 जुलाई 2019 |
| 3. | प्रवेश परीक्षा फार्म एवं विलम्ब शुल्क की तिथि | 1 अगस्त 2019 से 3 अगस्त 2019 तक |
| 4. | प्रवेश परीक्षा की तिथि | 04 अगस्त 2019 |
| 5. | प्रवेश परीक्षा का समय | दोपहर 12:00 से 02:00 बजे |
| 6. | प्रवेश परीक्षा स्थान | अटल बिहारी वाजपेयी हिंदी वि.वि.निर्मला देवी मार्ग, राजहर्ष कॉलोनी कोलार रोड, भोपाल |
| 7. | साक्षात्कार की तिथि | 06 अगस्त 2019 |
| 8. | साक्षात्कार का समय | दोपहर 12:00 से |
| 9. | परीक्षा परिणाम की तिथि | 07 अगस्त 2019 |
| 10. | प्रवेश प्रारंभ | 08 अगस्त 2019 |
| 11. | प्रवेश शुल्क जमा करने की अंतिम तिथि | 14 अगस्त 2019 |
| 12. | प्रवेश शुल्क जमा करने की अंतिम तिथि **(विलंब शुल्क सहित)** | |
| 13. | सत्र प्रारंभ | 16 अगस्त 2019 |

1. अन्य सूचनाएं यथासमय विश्वविद्यालय की वेबसाइट एवं सूचना पटल पर देखी जा सकेगी।
2. समय सारणी में आवश्यकतानुसार परिवर्तन का अधिकार विश्वविद्यालय के पास सुरक्षित है।

19.06.19

कुलसचिव जी

Scanned by CamScanner